हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 9 मई 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 श्याम मंदिर के तेरहवें वार्षिकोत्सव के पूर्व दिवस निकली भव्य निशान यात्रा



## खबर संक्षेप

### सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा, बढ़ी मुश्किलें

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत तुस्मा के सबरिया डेरा में आए दिन मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके चलते वाहन चालकों सहित राहगीरों को काफी परेशानी होती है। वहीं हर पल दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए है। नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा के शबरी डेरा में सैकड़ो मवेशियों की सड़क पर जमावड़ा होने से आवा जाही करने वाले राहगीर परेशान हो रहे है। आवारा मवेशियों की सड़क पर जमावड़ा होने से आय दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। हर दो से तीन दिन में आवारा मवेशी आ रहे बड़ी बड़ी वाहनों की चपेट में आ रहे है। जिसको लेकर ग्रामीण खाशे परेशान नजर आ रहे हैं। धार्मिक नगरी शिवरीनारायण से सटे गांव तुस्मा में के शबरी डेरा में सैकड़ो मवेशियों की जमावड़ा हो जाने के बाद रास्ते अवरुद्ध हो जाते है जिसके पश्चात आवागमन करने में लोगों को बड़ी समस्या

### हसदेव बांगो के नहर से नदी व नालों में पहुंचा पानी

**जांजगीर-चांपा।** मिनीमाता हसदेव बांगो परियोजना के बांध का पानी नहर से नदी नाले में भरने से ग्रामीणों की निस्तारी की समस्या दूर हो गई है। वहीं सिंचाई के लिए भी लोगों को पानी मिल रहा है। मालखरौदा ब्लाक के ग्राम घोघरी, बरभाठा, कवलाझर व तेंदुमुड़ी में निस्तार की समस्या शुरू हो गई थी। लगातार नहर में पानी छोड़ने की मांग की गई थी। अब नहर का पानी बगान नाला घोघरी एवं पोखरी तालाब में भर रहा है ग्राम तेंदुमुड़ी मवेशी बाजार को राहत मिली है। ग्रामीणों की नहाने की समस्या दूर हो गई है। साथ ही बगान नाला में पानी लबालब भरने से मवेशियों एवं पशु पक्षियों को भी पानी का सहारा मिल रहा है। डभरा क्षेत्र के ग्राम ठनगन, छुहीपाली ,खोंधर, खैरा ,कोटमी, धुरकोट, गोबरा, फरसवानी, कुसमुल सहित सभी गांवो में नहर विभाग के अधिकारियों द्वारा पानी पहुंचाया जा गया है गांवो के तालाब पोखरी को भरा जा चुका है।

### आरटीई के तहत सत्यापन कार्य 17 मई तक

**जांजगीर-चांपा।** निःशुल्क शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया 1 मार्च से 15 अप्रैल तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। वहीं प्राप्त आवेदनों का सत्यापन 17 मई तक किया जाएगा। आवेदनकर्ता का आधार कार्ड के आधार पर निवास स्थल, वार्ड नं., मुहल्ला अंतर्गत संचालित होने वाले नर्सरी से कक्षा-पांचवी तक 1 कि.मी. तथा कक्षा छठवीं से आठवीं कक्षाओं तक 3 कि.मी. के भीतर आरटीई पोर्टल में पंजीकृत विद्यालय ही प्रदर्शित होगा। कक्षा नर्सरी के लिए 3 वर्ष से 4 वर्ष के मध्य, कक्षा-केजी-1 के लिये 4 वर्ष से 5 वर्ष के मध्य एवं कक्षा पहली के लिये 5 वर्ष से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होना आवश्यक है। उक्त संस्था में नर्सरी एवं के.जी. -1 संचालित नहीं है तो उक्त विद्यालय पोर्टल में प्रदर्शित नहीं होगा।

### सारागांव क्षेत्र में मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

**देवरी - सारागांव।** लोकसभा चुनाव 7 मई को सक्ती विधानसभा 35 क्रमांक के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी के बूथ क्रमांक 51 में मतदाता संख्या 1049 , मतदान पड़े 799 , पुरुष 375 , महिला 424 76 प्रतिशत , बूथ क्रमांक 52 में मतदाता संख्या 808 , वोट पड़े 542 , पुरुष 285 , महिला 257, 67 प्रतिशत दोनो बूथ में 72 प्रतिशत मतदान हुआ । ग्राम कुम्हारीकला में बूथ क्रमांक 57 में मतदाता संख्या 700 , वोट पड़े 454 , पुरुष 229 , महिला 225 , बूथ क्रमांक 58 में मतदाता संख्या 649 , वोट पड़े 485 , पुरुष 242 , महिला 243 मतदान प्रतिशत 74.73 प्रतिशत मतदान हुआ।

### जन जागरूकता व तामझाम के बाद 2 फीसदी बढ़ोतरी भी नहीं

# साढ़े 6 लाख से अधिक मतदाताओं ने नहीं किया अपने मताधिकार का प्रयोग

## 20 लाख 56 हजार में से 13 लाख 89 हजार ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर शासन प्रशासन द्वारा जनजागरूकता अभियान के नाम पर दुनिया भर के कार्यक्रम चलाए और पानी की तरह पैसा बहाया गया। बावजूद इसके लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हो सकी। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो जांजगीर चांपा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत साढ़े 6 लाख से अधिक मतदाता वोट डालने के लिए नही पहुंचे। खास बात यह है कि पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना मतदान में 2 फीसदी की भी बढ़ोतरी नहीं हो सकी है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा संसदीय क्षेत्र में 20 लाख 56 हजार मतदाता है। जिनमें से 13 लाख 89 हजार लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जबकि 6 लाख 67 हजार से अधिक मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचे है। खास बात यह है कि जिम्मेदार जिला प्रशासन विधानसभा चुनाव के छह महीने पहले से मतदाता जागरूकता अभियान चला रहा है। यह कार्यक्रम विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद लोकसभा चुनाव तक जारी रहा। इस दौरान सरकारी खजाने से पानी की तरह पैसा बहाया गया और दुनिया भर के कार्यक्रम आयोजित किए गए।



मतदान करने के बाद अंगूठे का स्याही दिखाते मतदाता।

### हसदेव के हीरो हुए फेल

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा करीब साल भर पहले से ही दुनिया भर के कार्यक्रम चलाए जा रहे थे। इस दौरान एनजीओ के तैयार किए गए कार्यक्रम पर आंख मूंदकर भरोसा किया गया और जगह जगह कार्यक्रम आयोजित करके मतदाताओं को जागरूक करने के दावे किए गए। ना केवल सरकारी आयोजन व सरकारी कार्यालयों में मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। बल्कि खेलकूद और तीज त्यौहार में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम करने का भरपूर दिखावा किया गया। पलायन पर गए मजदूरों को बुलाने से लेकर उनके लौटकर आने तक के लंबे चौड़े आंकड़े प्रस्तुत किए गए। परंतु अफसोस इन तामझाम और दिखावों के आयोजन के बाद भी मतदान प्रतिशत में अपेक्षित बढोतरी नहीं हो सकी। स्थिति यह बनी कि इतना सब करने के बाद भी 6 लाख 67 हजार 35 मतदाता मतदान केन्द्रों तक नहीं पहुंच सके।

इसके बाद लोकसभा चुनाव में मताधिकार का प्रयोग करने वालों का जो प्रतिशत सामने आया, उसने जागरूकता कार्यक्रम पर सवाल खडे कर दिए है। पिछले लोकसभा 2019 के चुनाव में जहां 65. 58 प्रतिशत मतदान हुआ था, तो वहीं इस बार लगभग साल भर के आयोजन और दुनिया भर के तामझाम के बावजूद संसदीय क्षेत्र में 67.56 प्रतिशत मतदान हुआ। यानि बमुश्किल 1.98 प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हुई है। जिलेवार देखा जाए तो जांजगीर चांपा जिले के जांजगीर चांपा विधानसभा में मतदान का प्रतिशत 73.10 और अकलतरा में 71.39 रहा है तो पामगढ़ में ले देकर 64. 48 प्रतिशत वोटिंग हुई। यानि जांजगीर चांपा जिले के तीनों विधानसभा में क्रमशः 27, 29 और 35 प्रतिशत से अधिक मतदाता मतदान केन्द्र तक नहीं पहुंचे। इधर सक्ती जिले के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो सक्ती विधानसभा में 71.79 प्रतिशत वोट पड़े तो चंद्रपुर में 67.50 तथा जैजैपुर में 65.10 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसी प्रकार बलौदा बाजार जिला अंतर्गत बिलाईगढ़ और कसडोल विधानसभा में मतदान का प्रतिशत और भी कम रहा है। बिलाईगढ़ में 64. 95 और कसडोल में सबसे कम 64 फीसदी वोट पडे है। इस तरह से जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आठों विधानसभा में औसत 67. 56 प्रतिशत मतदान हुआ। यहां कुल 20 लाख 56 हजार 47 मतदाताओं में से 13 लाख 89 हजार 12 मतदाताओं ने मतदान किया। जबकि 6 लाख 67 हजार 35 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं किया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में जमा हुई ईवीएम मशीनें

## मतगणना के दिन 4 जून को सामने आएगा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोक सभा का चुनाव संपन्न होने के बाद ईवीएम मशीन को सेवा के जवान एवं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सील बंद कर दिया गया है मंगलवार 4 जून को कड़ी सुरक्षा के बीच वोटो की गिनती की जाएगी सकी तैयारी भी शुरू हो गई है।

गौरतलब है कि तीसरे चरण के अंतर्गत मंगलवार को जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान हुआ मतदान होने के बाद ईवीएम मशीन को देर रात एवं मंगलवार की सुबह जिला मुख्यालय के पालीटेक्निक परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में लाया गया इस बीच सेवा के जवान एवं सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है वहीं मंगलवार 4 जून को कड़ी सुरक्षा के बीच वोटो की गिनती की जाएगी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी से कमलेश जांगड़े राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से डॉक्टर शिव कुमार एवं बहुजन समाज पार्टी से रोहित समेत कुल 18 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम मशीन में बंद हो गया है इधर लोकसभा का चुनाव संपन्न होने के बाद मतगणना की तैयारी भी धीरे-धीरे शुरू की जा रही है। इधर मतदान संपन्न होने के बाद अधिकारी कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी थोड़ी राहत में है जैसे-जैसे वोटो की गिनती होने की तारीख नजदीक आएगी इस दौरान प्रत्याशियों के दिल की धड़कन बढ़ जाएगी



सक्ती के स्ट्रांग रूम को सील करते अफसर।

### स्ट्रांग रूम किया गया सील, कड़ी सुरक्षा के लिए बल तैनात



सक्ती। जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 7 मई को मतदान के पश्चात स्ट्रॉन्ग रूम नंदेलीभाठा में सभी मतपेटियों के आने के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो, ऑब्जर्वर असिस्टेंट सोनू कुमार, अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण सोम, एआरओ बालेश्वर राम, एआरओ के एस पैकरा, एआरओ रूपेंद्र पटेल, सहायक कोषालय अधिकारी श्रीमती माधुरी भारद्वाज, प्रवीण मिश्रा, दलबीर सिंह चंद्रा, रवि कुमार एवं राजनैतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आज सुबह स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष भी बनाया गया है। स्ट्रांग रूम को सील करने के बाद चाबियो को सुरक्षित रूप से रखने के लिए जिला कोषालय के अधिकारियों को सुपुर्द किया गया है।

## खराब हुए ई रिक्शे...



**जांजगीर-चांपा।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत घरों से कचरा निकालने के लिए नगर पालिका परिषद जांजगीर के द्वारा 34 लाख खर्च कर 10 से अधिक ई रिक्शा मंगाया गया था वर्तमान में पांच रिक्शा खराब हो गया है जिसके चलते घरों से कचरा निकालने का काम प्रभावित हो रहा है इसे लेकर जिम्मेदार नगर पालिका परिषद के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को कोई सरोकार भी नहीं है। ई रिक्शा मशीन स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाया गया था ताकि घरों से कचरा ई रिक्शा मशीन में डाला जा सके वर्तमान में आधी गाड़ी खराब हो चुकी है। फोटो : हरिभूमि

# नहर की धार बंद होने के बाद नल की रफ्तार भी हुई धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- लगातार गिरता जा रहा वाटर लेवल बढ़ेगी परेशानी

ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाने नहर में पानी छोड़ गया था। तय सीमा के मुताबिक नहर बंद कर दिया गया है। ऐसे में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में नल की रफ्तार धीमी हो गई है। जिसके चलते वाटर लेवल गिर रहा है वही आने वाले दिनों में पानी के लिए लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ेगी।

गौरतलब है कि जांजगीर जिले में ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाने हसदेव बांध के माध्यम से नहर में पानी छोड़ गया था तय समय



नहर की धार हुई कम।

सीमा के मुताबिक 30 अप्रैल को नहर से पानी मिलना बंद हो गया ऐसे में इसका असर नल की रफ्तार पर भी पढ़ रहा है शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में वाटर लेवल लगातार काम होता जा रहा है ऐसे में आने वाले दिनों में लोगों को पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ सकती है नहर गर्मी के दिनों में जब चलता है। इस दौरान काफी हद तक वाटर लेवल मेंटेन रहता है जिसके कारण लोगों को पेयजल एवं नहाने धोने में सुविधा मिलती है खासकर जिला मुख्यालय जांजगीर में नहर की धार चलने के कारण गर्मी के दिनों में वाटर लेवल बना रहता है वहीं अब नहर की धार बंद होने के बाद पानी की समस्या से लोगों को जूझना पड़ेगा। देखा जाए तो दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता जा रहा है वही अंधाधुन पेड़ों की कटाई भी कर दी जा रही है। जिसका सीधा असर पानी पर भी पड़ रहा है। ऐसे में वाटर लेवल को मैनेज करके रखना विभाग के लिए भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। प्रदेश के साथ जांजगीर जिले में भी 15 जून के बाद ही मौसम बदलता है। जिला मुख्यालय जांजगीर के अलावा पामगढ़ अकलतरा शिवरीनारायण नवागढ़ बलौदा सारा गांव सहित अन्य क्षेत्रों में वाटर लेवल कम होने की जानकारी भी सामने आ रही है।

# नहाने के दौरान तालाब में डूबने से दो मासूम की गई जान, खोजबीन कर निकाला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने अपने मायके गांव पहुँची बहेराडीह निवासी इंदल सिंह गोड़ की धर्मपत्नी गंगाबाई अपने पांच वर्षीय पुत्र रोहन को साथ लेकर तालाब नहाने गई थी। इस दौरान तालाब में डूबने से मासूम रोहन और उनके अन्य साथी दोनों की मौत हो गई।



घटना सक्ति थाना क्षेत्र के बोरदा गांव की है। जहाँ चाम्पा थाना अंतर्गत ग्राम बहेराडीह निवासी इंदल सिंह की पत्नी गंगा बाई गोड़ अपने मायके बोरदा गांव वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। बुधवार 8 मई को सुबह एक तालाब में अपने पुत्र पांच वर्षीय रोहन और उनके साथी बच्चे के साथ नहाने गई थी। गंगा बाई ने अपने बच्चे को नहाने के बाद घर जाने को कही। मगर रोहन नहीं माने और अपने अन्य साथियों के साथ तालाब में नहा ही रहे थे। इस बीच गंगा बाई भी नहा रही थीं। तालाब में बच्चे जब नहीं दिखी। तब माँ सोची कि बच्चे नहाकर घर चले गए हैं। घर पहुँच कर गंगा जब घर में बच्चे को नहीं देखी। तब घबरा कर गंगा और उसके परिजन तत्काल तालाब पहुंच कर खोजबीन शुरू किया। तब रोहन और उनके साथी बच्चे की शव पानी मे मिला। परिजनों की सूचना पर सक्ति पुलिस मौके पर पहुँची और दोंनो बच्चों के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ति में पीएम कराई गई और परिजनों को दोनों मासूम बच्चे की शव को सौंपी गई।

# मतदान दलो की हुई सकुशल वापसी कलेक्टर-एसपी ने किया स्वागत



मतदान दल का स्वागत करते कलेक्टर व एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के मतदान दलों ने विभिन्न मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक मतदान कार्य संपन्न कराकर मतदान दलों की सकुशल वापसी शुरू हो गई है। मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री जमा करने के लिए सभी काउंटर्स में पर्याप्त तैयारी की गई हैं। मतदान दलों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की गई थी।

ज्ञात हो कि मतदान महापर्व को लेकर मंगलवार 7 मई को जांजगीर चांपा संसदीय क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान हुआ। इसी के साथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे 18 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम मशीन में लॉक हो गई। मतदान के पश्चात पोलिंग पार्टियों के लौटने और मशीन जमा करने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने पर मतदान दलों को बधाई दी। मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री जमा करने के लिए सभी काउंटर्स में पर्याप्त तैयारी की गई हैं। मतदान दलों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर लवीना पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कार्रवाई के नाम पर चंद गाड़ियों को पकड़कर विभाग कर रहा खानापूर्ति

# महानदी का सीना छलनी कर रहे माफिया, बेखौफ हो रहा रेत उत्खनन व परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ किकिरदा-बिर्रा

क्षेत्र में महानदी और हसदेव से रोजाना रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन हो रहा है। यहां से ना केवल रात में बल्कि दिन में भी रेत लोड गाड़ियां दौडते रहती है, तो भारी भरकम मशीनों से रेत का उत्खनन भी बेरोक टोक हो रहा है। वहीं जिम्मेदार विभाग हाथ पर हाथ धरे बैठा है।

करही एवं आसपास के घाटों से रेत का अवैध परिवहन बेखौफ हो रहा है। माफिया जेसीबी और चैन माउंटेन लगाकर इस क्षेत्र में महानदी का सीना छलनी कर रहे है। इसके साथ ही अवैध परिवहन का काम भी ना केवल रात के अंधेरे में बल्कि दिन में भी बेरोक टोक होने लगा है। करही महानदी इन दिनों हर रोज ट्रैक्टरों से रेत का परिवहन धड़ल्ले से होता है। दिन और रात दौड़ रही गाड़ियां सैकड़ों ट्रिप रेत लेकर जाती है। इसके अलावा क्षेत्र से बड़े





ट्रेक्टरों के माध्यम से कर रहे रेत का अवैध परिवहन।

वाहनों में भी रेत का अवैध परिवहन होता है। इन सब पर रोक लगाने वाला जिम्मेदार खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई के नाम पर महज औपचारिकता निभाई जाती है। मौके पर पहुंची टीम कभी कभार दो चार गाड़ियों को पकड़कर जुर्माना कर देती है, लेकिन लगातार होने वाले अवैध उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती। महानदी से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर और बड़ी गाड़ियों में रेत का परिवहन होता है, तो उत्खनन कार्य में भारी भरकम मशीन दिन रात लगी होती है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों जिले के प्रभारी एवं प्रदेश के मंत्री ने इस मामले में सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। इसके बाद भी रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का कारोबार धड़ल्ले से हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### चुनाव को लेकर ड्राई डे, उधर चोरों ने पार कर दी शराब

**कोरबा।** जिले में शराब दुकान का ताला तोडक़र चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने दुकान से देसी और महंगे ब्रांड के अंग्रेजी शराब की पेटी लेकर फरार हो गए है। दुकान संचालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, ये घटना बांकी मोंगरा थाना अंतर्गत भैरोताल शराब दुकान की है। सोमावार के तडक़े सुबह चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया है। चुनाव के मद्दे नजर शराब दुकान को कलेक्टर के आदेश पर कल शाम बन्द कराया गया, जिसके बाद चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि सुरक्षा गार्ड शराब दुकान के बगल में सोया हुआ था। जब अचानक नींद खुली तो दुकान का ताला टूटा हुआ पाया। इसके बाद सुरक्षा गार्ड ने सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी। सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर देखा तो दुकान के सामने शटर का ताला टूटा मिला। दुकान के अंदर जाकर देखा तो चोरों ने शराब के पेटी और बोतल ले भागे थे। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी बाकी मोगरा थाना पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों को दी।

### शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार

**कोरबा।** शादी का झांसा देकर साथ रहने के बाद दूसरे जगह शादी की बातचीत शुरू कर दिया। इस पर पीड़िता ने युवक के विरूद्ध शारीरिक शोषण करने का आरोप लगा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। घटना के बाद से युवक फरार हो गया। घटना के संबंध में पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में फेसबुक के माध्यम से एनटीपीसी जमनीपाली निवासी जांटी एडविन का फ्रेंड रिक्वेस्ट आने पर उससे बातचीत शुरू हुई। इस बाद उसने पीड़िता को अपने विश्वास में लेकर अलग घर में रहने पर जोर दिया। इस पर युवती ने विश्वास करते हुए अपना घर छोड़ जांटी एडविन आनंद के साथ उरगा हाउसिंग बोर्ड कालोनी में मकान किराया पर लेकर रहने लगी। उसने बताया कि लगभग दो साल साथ रहने के उपरांत जांटी एडविन आनंद के माता पिता उनके उरगा स्थित मकान में आए और शादी करने की बात कही। इसके बाद जांटी माता पिता के साथ अपने घर लौट गया।कुछ दिनों पश्चात युवती की नियुक्ति अंबिकापुर के पास रघुनाथनगर में लेक्चर के रूप में हुई। युवती ने जांटी के साथ बातचीत की, तब उसने शादी करने का आश्वासन दिया। इसके बाद वह, अभी समय है कहकर लगातार टालमटोल किया जाता रहा फिर युवती द्वारा शादी करने की बात करने पर जांटी ने युवती का फोन नंबर ब्लाक कर दिया। युवती द्वारा उसके दोस्तों और परिवार वालों से संपर्क करने पर पता चला की जांटी की शादी की बातचीत किसी अन्य जगह चल रही है। इस पर युवती द्वारा कोतवाली कोरबा में जांटी एडविन आनंद के ख़िलाफ अपराध दर्ज कराया गया।

### कटाईनार में एक माह से पानी सप्लाई बंद, मचा हाहाकार



**कोरबा।** कोल कर्मी व उनके परिजनों को भीषण गर्मी में पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है। एसईसीएल के कटाईनार में पिछले एक माह से पानी सप्लाई बाधित है जिसकी वजह से हाहाकार मचा हुआ है। एसईसीएल प्रबंधन को इसकी शिकायत की गई है। बावजूद इसके अब तक पानी सप्लाई की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। कटाईनार एसईसीएल माइनस कॉलोनी में एक माह से पानी सप्लाई बंद है। जिसके कारण एसईसीएल कर्मी एवं उनके परिवार को पानी के बिना भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कुछ कर्मचारियों ने प्रबंधन को आवेदन दिया गया है इसके बावजूद एसईसीएल प्रबंधन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं स्टाफ क्वार्टर में ऑफिसर लोगों के लिए दो वक्त पानी की सप्लाई किया जाता है। वहीं एसईसीएल कॉलोनी कटाईनार में पंप खराब होने की वजह से एक माह से पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है।

### राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में तीन खिलाड़ियों का चयन

**अंबिकापुर।** इंदौर में होने वाली 74वीं राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में सरगुजा जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की टीम में किया गया है। सरगुजा बास्केटबॉल संघ की खिलाड़ी कुमारी साक्षी तिर्की, रिमझिम मिश्रा व आयुष चौबे छत्तीसगढ़ जूनियर बास्केटबॉल टीम में बालक व बालिका वर्ग में खेलकर सरगुजा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के इंदौर में 8 से 14 मई तक चलेगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला के महात्मा गांधी स्टेडियम के बास्केटबॉल ग्राउंड पर सुबह - शाम नियमित अभ्यास करते हुए तीनों खिलाड़ीयों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। 2024 सरगुजा जिला के लिए बास्केटबॉल खेल से सरगुजा जिला का मान बढ़ाया है साथ ही नवनिर्मित सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट पर नियमित निःशुल्क बास्केटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

## 2 हजार क्यूसेक पानी अभी भी छोड़ा जा रहा है हसदेव नदी में, वाटर लेवल हुआ 45 फीसदी

# बांगो बांध का जलस्तर घटा, फिर भी 16 घंटे चल रहा हाइडल प्लांट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बांगो बांध।

सूर्य की तपिश इतनी तेज हो गई है कि पारा 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है और लगातार भीषण गर्मी की वजह से ग्रामीण अंचलों में तालाब, नदी, नाले सूखने लगे हैं। गर्मी में लोगों को पानी की कमी ना हो और नदी, नालों में पानी लोगों को मिलता रहे इसके लिए बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को 16 घंटे संचालित किया जा रहा है। यही वजह है कि लगातार गर्मी में भी हाइडल प्लांट चलने की वजह से बांगो बांध का जलस्तर बहुत तेजी से गिरता चला जा रहा है। बांगो बांध का वाटर लेवल 45 फ़ीसदी तक जा पहुंचा है जिससे अब जल संसाधन विभाग के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। अब विभाग पानी के लिए फूंक फूंककर कदम रखने लगा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध के पानी से प्रदेश के कई जिलों के बिजली घर संचालित होते हैं तो वहीं दूसरी ओर कई जिले के किसानों के खेतों की प्यास भी इसी बांध से बुझाई जाती है। रबी फसल के लिए किसानों को पानी की कमी ना हो और इस गर्मी में लोगों को निस्तारी के पानी पर्याप्त मिल सके इसके लिए मार्च के महीने से ही बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट को लगातार संचालित किया जा रहा था। लगभग डेढ़ महीने तक हाइडल प्लांट को 36 घंटे लगातार संचालित किया जा रहा था जिससे लगभग 4500 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा था। यही वजह है कि यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा था और दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से रबी फसल व निस्तरी के लिए लगातार पानी दिया जा रहा था। मई माह के पहले ही सप्ताह में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 45 फीसदी जा पहुंचा है। बताया जाता है कि 7 मई की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 348.98 मीटर जा पहुंचा है जो कुल जल भराव का लगभग 45 फ़ीसदी पानी है। मई माह में भी हाइडल प्लांट को 16 घंटे संचालित किया जा रहा है जिससे लगभग 2000 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित हो रहा है। बताया जाता है कि लगातार बांगो बांध के गिरते वाटर लेवल की वजह से इस महीने हाइडल प्लांट की रफ्तार 16 घंटे की गई है। आने वाले दिनों में हाइडल की रफ्तार और कम की जा सकती है ताकि बांगो बांध का जलस्तर बना रहे। संभावना जताई जा रही है कि मई माह के अंतिम सप्ताह तक बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 40 फ़ीसदी तक पहुंचने की संभावना है। ऐसे में बांगो बांध का जल स्तर अब बहुत तेजी से गिरने लगा है।

### वर्ष 2023 में 60 फ़ीसदी भरा हुआ था बांध

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 7 मई की स्थिति में वर्ष 2024 में बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 45 फ़ीसदी तक जा पहुंचा है जबकि वर्ष 2023 में की स्थिति में बांगो बांध का वाटर लेवल 352.8 मीटर था जो कुल जल भराव का 60 फ़ीसदी पानी था। इस वर्ष हाइडल प्लांट को लगातार तेज रफ्तार से चलाया गया है जिसकी वजह से कुछ महीनो में ही वाटर लेवल बहुत तेजी से नीचे आया है जो चिंता का विषय बना हुआ है। अब विभाग के अधिकारी प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित बिजली कारखाना को संचालित करने के लिए ही अब चुनिंदा घंटे ही हाइडल प्लांट को संचालित किया जाएगा जिससे निकलने वाला पानी से बिजली कारखाने को दिया जाएगा।

### बारिश आने में अभी डेढ़ महीने का समय और

अमूमन वर्षा ऋतु 15 जून से माना जाता है। अभी लगभग डेढ़ महीने का वक्त बचा हुआ है। जन संसाधन विभाग के अधिकारियों को मुताबिक अभी डेढ़ महीने में हाइडल प्लांट को संचालित किया जाएगा और ऐसे में यदि पानी की डिमांड आई तो हाइडल की रफ्तार और बढ़ाई जा सकती है। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्षा ऋतु के आने तक बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 40 फ़ीसदी पहुंचने की संभावना है। यदि बारिश के दौरान कैचमेंट इलाके में बेहतर बारिश हुई तो बांध भर जाएगा अन्यथा बांध को भरने में एक लंबा समय लग सकता है।

## ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रंजना तिलवारीपारा निवासी राम प्रसाद का पुत्र शिवा यादव 6 मई को सुबह लगभग 11 बजे अपने बड़े पापा बृजलाल यादव के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यूजी 9792 ड्रीम योगा को लेकर ग्राम आमानारा अपने जीजा महेश यादव के घर जाने के लिए निकला था। दोपहर लगभग 1 बजे रामप्रसाद के पडोसी गुरूप्रसाद यादव ने बताया कि शिवा यादव को तिवरता में ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एलसी 0675 के चालक द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया गया। जिससे उसके सिर में बहुत गंभीर चोट आया। तब रामप्रसाद अपने बडे भाई बृजलाल यादव और छोटे भाई गोपाल यादव को लेकर तिवरता पहूंचा तो वहां पता चला कि उसका पुत्र शिवा यादव को डायल 112 वाले उठाकर एनसीएच गेवरा अस्पताल ले गये है वहां पता चला है कि उसके पुत्र शिवा यादव की मौत हो गई है। रामप्रसाद की शिकायत पर पुलिस ने ट्रेलर चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

**खास बात**

- पाली थाना के ग्राम रंजना का मामला

## महुआ गोदाम में चोरी की कोशिश, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पाली निवासी राजेंद्र अग्रवाल महुआ खरीदी बिक्री का काम करता है। महुआ को राजेंद्र अपने घर में ही छोटा सा गोदाम बनाकर रखता है। 5 मई की रात्रि 11 बजे खाना खाकर परिवार के साथ वह सो गया था। 6 मई की रात्रि लगभग 3 बजे घर के गोदाम का ताला तोड़ने का आवाज आया तो राजेंद्र ने सामने दरवाजा खोलकर देखने के लिये गोदाम तरफ गया तो देखा कि गोदाम का दरवाजा खुला हुआ था। गोदाम के पास पहुंचने पर वहां पाली निवासी दो युवक कपील पटेल, दुर्गेश कुमार जेठवा गोदाम में चोरी कर रहे थे। राजेंद्र को देखकर दोनों युवक वहां से भाग खड़े हुए। राजेंद्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों युवक कपील पटेल एवं दुर्गेश कुमार के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

# तेज आंधी के साथ बारिश, विद्युत व्यवस्था ध्वस्त



तेज आंधी बारिश से सड़कों में छायी धूल।



पेड़ से गिरी डगाल।



टूटा बिजली का पोल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भीषण गर्मी के बीच मौसम के बार-बार बिगड़ते तेवर की वजह से मौसम एक बार फिर से खुशनुमा हो गया है। मंगलवार की सुबह से ही मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी रहा और शाम होते-होते जमकर आंधी तूफान और बारिश हुई। जिसकी वजह से शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से बाधित हो गई थी। देर रात शहर के अलग-अलग क्षेत्र में विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम लगी रही। जिसके बाद विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका।

**खास बात**

- मौसम ने एक बार फिर बदली करवट, जगह जगह तंबू भी हो गए थे धराशाही

उल्लेखनीय है कि मंगलवार की सुबह से ही मौसम में हल्की ठंडकता थी और बादल छाए हुए थे। शाम होने के पहले ही तेज आंधी तूफान शुरू हो गई और तेज अंधड़ की वजह से शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई। बताया जाता है कि तेज आंधी तूफान की वजह से कई इलाकों की विद्युत व्यवस्था विद्युत पोल धराशाही हो गए तो कहीं तार टूट गए तो कहीं पेड़ गिर गए हैं। जिसकी वजह से शहर के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई थी। बारिश के साथ ही मौसम ने खुशनुमा मोड़ लिया और इसके बाद देर शाम को विद्युत विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम विद्युत व्यवस्था को बहाल करने के लिए निकल पड़ी और देर रात तक अलग-अलग क्षेत्र में काम करते रहे। इसके बाद शहर के अलग-अलग इलाकों में विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका। चुनाव के मद्देनजर सभी पोलिंग बूथ के आसपास सभी राष्ट्रीय पार्टी द्वारा पोलिंग बूथ के लिए अलग से टेंट की व्यवस्था की गई थी। शाम को आए आंधी तूफान की वजह से ज्यादातर टेंट धराशाही हो गए थे।



तेज आंधी से उड़ा टेंट।

### गर्मी से मिली राहत

एक दिन पहले ही सोमवार को 42 डिग्री के पार था और भीषण गर्मी से लोग हलकान थे। लगातार गर्मी की वजह से लोग बीमार भी हो रहे थे लेकिन मंगलवार को एक बार फिर से मौसम ने अचानक करवट बदली और मौसम के करवट बदलते ही तेज आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश भी हुई। जिसके चलते शाम होते ही मौसम खुशनुमा हो गया और गर्मी से लोगों ने राहत की सांस ली। बताया जाता है कि एक-दो दिन मौसम कुछ ऐसे ही रहने की संभावना जताई जा रही है। पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर लगातार जारी है। अप्रैल का महीना भी कुछ ऐसा ही था जिसमें कई बार कई दिनों तक मौसम में बदलाव देखा गया था जिसके बाद अब मई माह के पहले सप्ताह में मौसम में फिर से उतार-चढ़ाव शुरू हो चुका है।

## रेलवे का निजी डाग्नोस्टिक सेंटर से अनुबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे कर्मचारियों को अब छोटी-बड़ी बीमारियों की ब्लड जांच अब कोरबा जिले में ही करा सकेंगे। इसके लिए रेलवे प्रबंधन ने जिले के एक निजी डाग्नोस्टिक सेंटर से अनुबंध किया है। अब कर्मचारियों को बिलासपुर मुख्यालय तक की लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। इससे कर्मचारियों को राहत मिलेगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिविजन के कोरबा रेलवे सेक्शन में कार्यरत कर्मचारी व अधिकारियों के स्वास्थ्य के लिए बेहतर सुविधाएं नहीं है। स्वास्थ्य खराब होने पर कर्मचारियों को चिकित्सकों की सलाह पर बीमारियों के परीक्षण के लिए खून जांच कराने के लिए बिलासपुर मुख्यालय में स्थित रेलवे अस्पताल तक दौड़ लगानी पड़ती थी।इससे कर्मचारियों को काफी असुविधा हो रही थी। इसे लेकर रेलवे यूनियन की ओर से लंबे समय से मांग की जा रही थी। यूनियन की मांग पर प्रबंधन ने गंभीरता दिखाई। कोरबा के निहारिका स्थित एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर से रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य बिगडऩे पर खून जांच के लिए अनुबंध किया है। कर्मचारी अब चिकित्सकों की सलाह पर इस डाग्यनोस्टिक सेंटर से खून जांच का रिपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के डिविजनल कॉर्डिनेटर कृष्ण कुमार ने बताया है कि कोरबा के रेल कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। इसके लिए लंबे समय से प्रयास किए जा रहे हैं। यूनियन के प्रयास से कोरबा रेलवे सेक्शन बालपुर से जुनाडीह साइडिंग में कार्यरत लगभग 1400 से अधिक रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार को इस स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा।यूनियन की ओर से कर्मचारी व उनके परिवार की स्वास्थ्य सुविधा के लिए प्रबंधन से अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन सुविधा की भी मांग की जा रही है। यह सुविधा मिलने से रेलवे कर्मचारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### महिला के गले से मंगलसूत्र की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूछापारा निवासी धरमशीला शुक्ला 1 मई को गांव के अन्य महिलाओं के साथ में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कटघोरा आगमन पर सभा स्थल मेला गांउड कटघोरा में शामिल होने आयी थी। कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात वापस घर आते समय कार्यक्रम स्थल में ही महिला दीर्घा में काफी भीड़ होने से भीड़ का फायदा उठाते हुये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धरमशीला के गले में पहने हुये सोने मंलगसूत्र जिसमें एक लाकेट एवं 6 गेहू दाना लगा हुआ है जिसे अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया।

## एनटीपीसी कर्मियों का एनकेएच में अब होगा कैशलेस इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल पर केन्द्रित करते हुए एनटीपीसी ने अपने कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने शहर के निजी अस्पताल न्यू कोरबा हॉस्पिटल (एनकेएच) के साथ साझेदारी की है। देश की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली परियोजना एनटीपीपी के कर्मचारियों को एनकेएच अस्पताल में कैशलेस इलाज का लाभ मिलेगा।जिले में एनटीपीसी कोरबा की परियोजना है, 2600 मेगावाट क्षमता के बिजली संयंत्र में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को अब शहर के कोसाबाड़ी स्थित निजी अस्पताल में कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। अस्पताल की एनटीपीसी के साथ साझेदारी से संस्थान के कर्मचारी अब अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स, गायनोकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, इंटरनल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी से जुड़े सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे।

## शासकीय जमीन में निर्माण कार्य को लेकर नई गाइड लाइन हुई जारी

# ग्राम नगर निवेश में शामिल ग्रामों में भवन निर्माण के लिए लेनी होगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




ग्राम नगर निवेश अंतर्गत शहर से लगे ग्रामों को शामिल किया गया है। इन ग्रामों में अब किसी भी तरह के निजी निर्माण कार्य को लेकर यहां तक पंचायत के द्वारा सामुदायिक भवन व पंचायत भवन के निर्माण हेतु भी ग्राम नगर निवेश विभाग से अनुमति लेना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय भूमि में बढ़ते बेजाकब्जा और अधोसंरचना विकास को लेकर नई गाइड लाईन जारी की है।

नगर पालिक निगम से लगे शहरी क्षेत्र के ग्राम भूलसीडीह, डूमरडीह, गोढ़ी, बेंदरकोना, जामबहार, सोनपुरी, रूगबहारी, आदि ऐसे ग्राम हैं जिन्हें दो वर्ष पूर्व ग्राम नगर निवेश विभाग के अंतर्गत शामिल किया गया है। इन ग्रामों की जिला मुख्यालय से दूरी महज 10 से 15 किलोमीटर के बीच है। इन ग्रामों के शासकीय भूमि को अधोसंरचना विकास के लिए आरक्षित रखा गया है। ग्राम नगर निवेश विभाग द्वारा इन ग्रामों में होने वाले किसी भी तरह के शासकीय अशासकीय निर्माण कार्यों के लिए अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। इन ग्रामों की जमीनों को मास्टर प्लान के लिए आरक्षित रखा गया है। आने वाले समय में इन ग्रामों में अधोसंरचना के विकास कार्य किया जाना है। कुछ शासकीय दरफ्तारों के निर्माण भी इन ग्रामों में होंगे। विकास कार्यों का विस्तार इन्हीं ग्रामों में ज्यादा होना है। जिसके मद्देनजर ग्राम नगर निवेश विभाग में उसके अंतर्गत आने वाले ग्रामों में निर्माण कार्यों को लेकर रूपरेखा तैयार की है। निजी निर्माण कार्यों के अलावा शासकीय विभाग अगर कोई कार्य कराते हैं तो उन्हें जमीन से संबंधित सभी दस्तावेजों को ग्राम नगर निवेश विभाग में प्रस्तुत कर निर्माण कार्य की एनओसी लेना होगा।

### शुरू होगा मेडिकल कॉलेज का काम

भूलसीडीह ग्राम में मेडिकल कॉलेज कैंपस का निर्माण कार्य किया जाना है। जिसके लिए जमीन चयन का कार्य हो चुका है। ग्राम नगर निवेश के अंतर्गत ग्राम भूलसीडीह को शामिल किया है और अधोसंरचना के क्षेत्र में किसी ग्रामीण क्षेत्र में किए जाने वाला बड़ा निर्माण कार्य भूलसीडीह में किया जा रहा है। इनके अलावा डूमरडीह और गोढ़ी से लगे चाकामार आदि ग्रामों में भी वन विभाग के अंतर्गत आने वाले निर्माण कार्य कराए जाएंगे। जिनके लिए अब ग्राम नगर निवेश विभाग से अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज परिसर निर्माण हेतु ग्राम नगर निवेश विभाग से अनुमति लेना होगा।

जाँजगीर मार्केट

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ
धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपत्ति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465


।। श्री श्याम देवाय नमः ।।
।। श्री गणेशाय नमः ।।
धन्य धन्य है चांपा नगरी, धन्य धन्य है खाटू धाम।
श्याम धणी की कृपा ताँई, थाने बुलायो बाबा श्याम।।
हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा
।। श्री हनुमन्ते नमः ।।
श्याम की सेवा, श्याम की पूजा, बड़े भाग्य से मिलती है।
लाखों लोग खड़े लाईन में, किसी-किसी को मिलती है।।
श्री श्याम बाबा मंदिर चांपा तेरहवां वार्षिकोत्सव
दिनांक 09 मई 2024 गुरुवार
कार्यक्रम
महाआरती
सुबह 8.00 बजे से
स्थानः श्री श्याम मंदिर मोदी चौक, चांपा
अन्य आकर्षण
भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, भजन संध्या, फूलों की होली, अखंड ज्योत,
विशेष- कीर्तन कार्यक्रम में भंडारा प्रसाद की व्यवस्था है...
।। जय श्री श्याम ।।
श्री श्याम मंदिर चांपा
श्री श्याम संकीर्तन में कोलकाता के शुभम-रूपम, कानपुर की कोमल तिवारी व रायपुर के सुरेश राजस्थानी श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगे।
9 मई को प्रातः की आरती के पश्चात श्री श्याम प्रभु को श्री श्याम सखी मंडल चांपा की ओर से चांदी से निर्मित छतर तथा दिलीप अग्रवाल भुक्ता की ओर से निर्मित चांदी का मुकुट अर्पित किया जाएगा
समय- रात्रि 8.00 बजे से प्रभु कृपा तक, स्थान-कुश वाटिका, मोदी चौक, चांपा
सभी श्याम भक्तों का हार्दिक अभिनंदन...
रामनारायण मित्तल (गुड्डू भैया)
बजरंग लाल अग्रवाल
संतोष अग्रवाल (पूर्व अध्यक्ष)
मनोज मित्तल
रामनारायण मोदी संरक्षक
सुनील अग्रवाल (भांचा) संरक्षक
योगेश अग्रवाल (बाबू) अध्यक्ष
नारायण मित्तल उपाध्यक्ष
गणेश कुमार मोदी पूर्व उपाध्यक्ष
मुरलीधर जयपुरिया सदस्य
राजेश अग्रवाल सदस्य
किशोर मोदी कोषाध्यक्ष
दिनेश केड़िया उपाध्यक्ष
विनोद अग्रवाल (गैस) सदस्य
जीवन मोदी सदस्य
अनिल अग्रवाल सदस्य
संजय बंसल सदस्य
अविनाश मुरारका सदस्य
मोहन मित्तल सदस्य
विपेन्द्र अग्रवाल सदस्य
अंकित मोदी सचिव
बजेन्द्र अग्रवाल (गज्जु) सदस्य
अमित अग्रवाल (भांचा) सदस्य
आनंद जयपुरिया सदस्य
निवेदकः - श्री श्याम बाबा सेवा समिति (पंजी.) चांपा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### सूर्यांश प्रांगण में आदर्श सामूहिक गौरव विवाह कल

**जांजगीर-चांपा।** सूर्यांश कन्या विवाह महामहोत्सवर के अंतर्गत रसूर्यांश सामूहिक आदर्श गौरव विवाहर का आयोजन छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया (अक्ती) के शुभ अवसर पर शुक्रवार 10 मई को सूर्यांश धाम, सूर्यांश प्रांगण सिवनी (नैला) में किया गया है। पूर्णतः निःशुल्क होने वाली सामूहिक आदर्श गौरव विवाह के लिए विवाह योग्य युवक-युवतियों के माता-पिता एवं परिजन निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन कर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन करने की अंतिम तारीख 7 मई से बढ़ाकर 9 मई कर दिया गया है जिसमें सभी जातियों एवं वर्गों के विवाह योग्य युवक-युवतियों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि को ध्यान में रखते हुए अंतिम तारीख 7 मई से बढ़ाकर 9 मई किया गया है।उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रो. गोवर्धन प्रसाद सूर्यवंशी ने बताया कि समाज में व्याप्त फिजूल खर्ची और दिखावे की संस्कृति को कम करने के उद्देश्य से सामूहिक आदर्श गौरव विवाह का आयोजन किया गया है जिसमें सभी जाति और वर्ग के वर-वधू का विवाह कराया जाता है। विगत वर्ष जांजगीर, सक्ती, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा के अलावा कोरिया एवं बलौदा बाजार के माता-पिता एवं परिजनों ने अपने पुत्र-पुत्रियों का सामूहिक विवाह सूर्यांश प्रांगण में किया था।

### लोकसभा निर्वाचन को पूर्ण कराने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों सहित जांजगीर-चांपा जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने कहा कि सभी जांजगीर-चांपा जिले के नागरिकों के सहयोग से निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा निर्वाचन संपन्न हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के सभी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके लिए जिला प्रशासन, जांजगीर-चांपा आप सभी मतदाताओं का आभारी है। उन्होंने कहा एन.एस.एस., स्काउट गाइड, मतदान मित्र, स्वीप की गतिविधियों से जुड़े समस्त स्वयं सेवकगण एवं मीडिया के साथियों ने लोकसभा निर्वाचन को निर्विघ्न पूर्ण कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कलेक्टर ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी एवं अन्य सभी को सफलता पूर्वक कार्यों का निर्वहन करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### गर्म हवा के थपेड़ों से बढ़ा हिट स्ट्रोक का खतरा, नकाबपोश बनकर निकल रहे लोग

**जांजगीर-चांपा।** सूरज की किरणें अब आग बरसाने लगी है। इसके साथ ही तापमान में बढोतरी भी होने लगी है। शहर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। ऐसे में दोपहर के वक्त लोगों को पसीने से तरबतर होना पड़ रहा है। इधर हिट स्ट्रोक के खतरे को देखते हुए शासन द्वारा जहां स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। वहीं अप्रैल महीने में सूरज की किरणें आग बरसाने लगी है। पिछले दिनों बदली और बारिश से मौसम में कुछ ठंडकता रही, लेकिन इसके बाद मौसम के साफ होते ही सूर्यदेव की तपिश भी बढ़ने लगी है।

## निधन

### श्रीमती शरबती खंडेलिया



**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. जगदीश खंडेलिया की धर्मपत्नी श्रीमती शरबती खंडेलिया का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कॉलेज रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय खंडेलिया, सुनील खंडेलिया एवं सुधीर खंडेलिया की माता थीं। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र संजय खंडेलिया ने प्रदान की। अंतिम यात्रा में स्वजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

आज स्थापना दिवस पर होगा भंडारे व भजन संध्या का आयोजन

# श्याम मंदिर के तेरहवें वार्षिकोत्सव के पूर्व दिवस निकली भव्य निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय मोदी चौक एनीकट मार्ग स्थित खाटू वाले श्याम प्रभु के मंदिर का तेरहवां वार्षिकोत्सव गुरूवार 9 मई को धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। दो दिवसीय स्थापना दिवस समारोह के प्रथम दिवस बुधवार 8 मई को स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से सायं 6 बजे श्याम भक्त महिलाओं एवं पुरूषों द्वारा श्री श्याम प्रभु की भव्य निशान यात्रा निकाली गई।

निशान यात्रा निकाले जाने के पूर्व पं. भोला शर्मा द्वारा परिसर में स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में राम भक्त हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना श्याम बाबा सेवा समिति के पदाधिकारियों से सम्पन्न कराई गई। इसके बाद बाजे-गाजे के साथ धूमधाम से श्री श्याम प्रभु की भव्य निशान यात्रा नगर में निकाली गई। ओम सिटी परिसर से प्रारंभ निशान यात्रा लायंस चौक, थाना चौक, रानी रोड, कदंब चौक, समलेश्वरी चौक, सदर बाजार, डोंगाघाट चौक से बजरंग छबिगृह होते हुए सायं श्याम मंदिर पहुंची। यहां सभी निशान यात्रियों ने श्री श्याम प्रभु के मंदिर में निशान अर्पित किए। सभी निशान यात्रियों के लिए श्याम बाबा सेवा समिति की ओर से अग्रसेन भवन में जलपान की व्यवस्था की गई। मार्ग में लायंस चौक के पास मारवाड़ी युवा मंच एवं स्पंदन शाखा द्वारा, थाने के समक्ष अशोक अग्रवाल एवं परिवार द्वारा, कदंब चौक में प्रहलाद मोदी एवं परिवार द्वारा तथा सदर बाजार में जालान परिवार द्वारा निशान यात्रियों का स्वागत शर्बत, कोल्ड ड्रिक्स तथा जलपान आदि से स्वागत किया गया। निशान यात्रा के प्रारंभ होने के दौरान ओम सिटी परिसर में बाजोरिया फाउंडेशन की ओर से शैलेश बाजोरिया द्वारा सभी निशान यात्रियों के लिए बादाम शर्बत की व्यवस्था की गई। निशान यात्रा में प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक रामनारायण मोदी, सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष उदयराम शर्मा, शैलेश शर्मा, उपाध्यक्ष दिनेश केडिया, सचिव अंकित मोदी सहित शिव मोदी, विशंभर अग्रवाल, दिनेश मोदी, आशीष अग्रवाल, शीतल केडिया, श्याम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, पवन अग्रवाल के अलावा बड़ी संख्या में श्याम भक्त महिलाएं, पुरूष तथा बच्चे शामिल हुए।



निशान यात्रा में शामिल श्याम भक्त महिलाएं व पुरूष।

### भंडारा प्रसाद व भजन संध्या का आयोजन आज

स्थानीय श्री श्याम बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में स्थानीय मोदी चौक एनीकट मार्ग स्थित खाटू वाले श्याम प्रभु के मंदिर का तेरहवां वार्षिकोत्सव गुरूवार 9 मई को धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनेगा। यह जानकारी देते हुए श्याम बाबा सेवा समिति के संरक्षकगण रामनारायण मोदी, सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, सचिव अंकित मोदी तथा कोषाध्यक्ष किशोर मोदी ने बताया कि श्याम मंदिर चांपा का तेरहवां वार्षिकोत्सव 9 मई को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनेगा। दो दिवसीय वार्षिकोत्सव के तहत प्रथम दिन 8 मई को सायं 6 बजे स्टेशन रोड स्थित ओम सिटी परिसर से श्याम मंदिर तक श्याम भक्तों द्वारा भव्य एवं विशाल निशान यात्रा निकाली गई। वार्षिकोत्सव के द्वितीय एवं अंतिम दिन सुबह से श्याम मंदिर में पूजा-अर्चना के अलावा अन्य धार्मिक अनुष्ठान होंगे। इस दिन सायं 7 बजे से डिडवानिया कॉम्पलेक्स के पीछे स्थित कुश वाटिका में भव्य श्याम दरबार के साथ छप्पन भोग एवं श्याम भंडारा सहित देश के सुप्रसिद्ध श्याम भजन गायक जोड़ी कोलकाता के शुभम-रूपम, कानपुर की कोमल तिवारी के अलावा रायपुर के सुरेश राजस्थानी द्वारा एक से बढ़कर एक श्याम भजनों की शानदार प्रस्तुति से समां बांधा जाएगा।

---

# आधा दर्जन सुपर फास्ट ट्रेनों का नहीं हो रहा स्टॉपेज

## चांपा, बिलासपुर से ट्रेन पकड़ने की मजबूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में आधा दर्जन से अधिक सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में रेल यात्रियों को गाड़ी पकड़ने के लिए बिलासपुर एवं चांपा शहर का चक्कर लगाना पड़ता है। इसे लेकर रेल संघर्ष समिति द्वारा फरियाद भी लगाई जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी समस्या बनी हुई है।

जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन धीरे-धीरे मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित होता जा रहा है, लेकिन अब तक आधा दर्जन से अधिक सुपरफास्ट ट्रेनों का यहां स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में बड़ी गाड़ी पकड़ने के लिए रेल यात्रियों को चांपा एवं बिलासपुर शहर की दौड़ लगानी पड़ती है। जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन से रेल यात्री प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में बिलासपुर रायगढ़ कोरबा रायपुर भोपाल मुंबई दिल्ली चेन्नई नागपुर समेत अन्य शहरों की ओर व्यापारिक एवं अन्य कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। ऐसे में ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। हालांकि ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर रेल संघर्ष समिति के द्वारा कई बार रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। एक तरफ देखा जाए तो जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्रशासन को करोड़ों रुपए का राजस्व हर साल प्राप्त होता है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

---

# आधी-अधूरी सड़क का निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

खबर का असर

अकलतरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तरौद से दीपका तक 59 किलो मीटर सड़क निर्माण कार्य आधा अधूरा छोड़ दिया गया था। जिसके चलते आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। सोमवार 6 मई को आधा अधूरा सड़क निर्माण कार्य को लेकर खबर का प्रकाशन किया गया। जिसके बाद प्रशासन का अमला सक्रिय हुआ और सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ।

**खास बात**

- सोमवार 6 मई को अधूरा सड़क निर्माण कार्य को लेकर प्रकाशित हुई थी खबर

गौरतलब है कि फोरलेन चौक तरौद से दिपका तक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत 146 करोड़ की लागत से कराए जा रहे 59.2 किलोमीटर लंबे सड़क निर्माण के अंतर्गत मिनीमाता चौक से नगर के शास्त्री चौक स्थित रेलवे ओवरब्रिज तक का सड़क निर्माण भी कराया गया था। सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार के द्वारा इंदिरा उद्यान स्थित बजरंगबली मंदिर से महाराणा प्रताप चौक के पास होंडा शोरूम तक लगभग 200 मीटर सड़क आधा अधूरा छोड़ दिया गया था जिसके चलते क्षेत्रवासी आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे थे। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए हरिभूमि के द्वारा 6 मई को प्रमुखता के साथ समाचार प्रकाशित किया गया था। हरिभूमि में छपी खबर के बाद ठेकेदार हरकत में आया एवं 8 मई को ठेकेदार के द्वारा आधे अधूरे सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इधर सडक निर्माण कार्य प्रारंभ होने से नागिरकों ने राहत की सांस ली।



प्रारंभ हुआ तरौद से दीपका सड़क मार्ग का निर्माण कार्य।

---

# बहेराडीह में कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह में आयोजित कवि सम्मेलन में सर्वप्रथम खोखरा से आए युवा कवि अनुभव तिवारी ने श्रद्धांजलि कविता चल देहे सबला छोडके तै कोन डहर म, सुरता के दीया बारे हंव मैं तोर सहर म सुनाया।

जांजगीर खोखरा से आए युवा कवि अनुभव तिवारी ने रकिसान स्कूल ल बढाए बर, बहेराडीह के मान चमकाए बर सुनाकर खूब तालियाँ बटोरी। जांजगीर के वरिष्ठ कवि अरूण तिवारी ने छत्तीसगढी रचना टीपीर टीपीर गिरत हे पानी सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया. रतनपुर से आए कवि बालमुकुन्द श्रीवास ने छत्तीसगढी हास्य व्यंग में नए शैली मे अपनी बात श्रोताओं तक पहुंचाई। श्रृंगार रस की कवियित्रि सोमप्रभा तिवारी नूर ने मंडप पे बैठी लडकी के मन की बातो को छत्तीसगढी कविता के रूप मे रूनझून रूनझून पैरी बाजए बिंदीया जइसे चंदारप्रस्तुत करते हुए गीत सुनाया जिसे सभी ने सराहा। मौहाडीह झरना से आए कवि कौशल दास महन्त ने वरिष्ठ पत्रकार स्व कुंजबिहारी साहू पर आधारित भाव विभोर रचना का पाठ किया. वीर रस के कवि ललित उपाध्याय ने भांचादान कविता से व्यंगात्मक शैली में पढ़कर तालियाँ बटोरी। खरौद-पामगढ से आए स्व. कुंजबिहारी साहू के बालसखा कवि हेमंत यादव ने कुंजबिहारी की याद में अपनी कविता खरौद गांव के दुलरवा बेटा कुंजबिहारी कहाए जी' रचना का पाठ कर सभी को भाव विभोर कर दिया।



कवि को सम्मानित करते अतिथि।

---

# भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

कोटमीसोनार के डबरा मठ स्थित मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी की तीन दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्य्रकम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा निकालकर की गई। कलश यात्रा डबरा मंदिर से सोनार पारा,बाजार पारा मातेश्वरी मंदिर होते हुए श्रीराम चौक पहुंची एवं जगातपारा ,हटरी चौक कुम्हार पारा से भ्रमणकर कलश यात्रा वापस डबरा मंदिर पहुंची।

डबरा मठ के महंत सर्वेष्वर दास जी ने बताया कि तीन दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा है। मंदिर में शिव परिवार,हनुमान जी ,जग्गनाथ स्वामी के प्राचीन मूर्ति को सैकड़ो वर्ष पश्चात पुनः स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही 10 मई को सन्त सम्मेलन आयोजित किया जएगा जिसमे देशभर से साधु संत डबरा मठ कोटमी सोनार पहुचेंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के यजमान श्रीमती नर्मदा विष्णु सोनी, श्रीमती सरिता दिलीप सोनी, कार्तिकेश्वर स्वर्णकार चाम्पा, हनुमान प्रसाद चाम्पा,कमल देवांगन चाम्पा हैं। शोभायात्रा में रामशंकर सोनी,विष्णु सोनी, हीरालाल सोनी, राकेश शर्मा,सोमेश दुबे, सुबोध थवाईत, महेश्वर शुक्ला,बजरंग साहू, कोमल सोनी ,ललित सोनी, शुभम सोनी, जयप्रकाश थवाईत ,मनीष सोनी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं पीत वस्त्र एवं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं।



कलशयात्रा में शामिल महिलाएं।

---

# 10 दिवसीय ऊर्जा समर कैंप में बच्चों ने मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर के तत्वावधान में कक्षा प्ले ग्रुप से कक्षा 9वीं तक के बच्चों के लिए 24 अप्रैल से 4 मई तक चलने वाली 10 दिवसीय ग्रीष्मवकाश समर कैंप का शनिवार को धूमधाम से समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने खूब धमाल मचाया। ।

कैंप के दौरान सभी विद्यार्थियों ने काफी कुछ सीखा। इस कैंप में 100 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। कैंप के अंतर्गत बच्चों के लिए अनेक मनोरंजन एवं ज्ञान वर्धक गतिविधियां आयोजित की गई। जहां एक तरफ कैंप में बच्चों ने स्विमिंग, स्केटिंग, जूडो, डांस, चित्रकला आदि खेलों में बढ़ – चढ़कर हिस्सा लिया। तो वही बच्चों ने वैदिक मैथ्स,अंग्रेजी एवं हिंदी सुलेख लेखन कौशल आदि सीखे। सभी बच्चों ने डांस अध्यापक राज सिंह एवं प्रीति चंद्रा के देखरेख में सिखाए गए नृत्य की प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया। इसके बाद तैराक जयश्री यादव और महेश यादव के मार्गदर्शन में गोताखोरी, मेंढक की सैर, डक डाइविंग खेल, 50 मीटर क्रॉस तैराकी दौड़ आदि का प्रदर्शन किया। तो वही स्केटिंग अध्यापक विक्की रॉय के मार्गदर्शन पर छोटे - छोटे बच्चों ने स्केटिंग की कलाओं का प्रदर्शन किया साथ ही बच्चे कराटे शिक्षिका गीता बरेठ एवं सिम्मी के मार्गदर्शन पर कराटे के दांव से एक दूसरे को चित कर रहे थे। बच्चों के बेहतर प्रदर्शन के लिए स्कूल के प्राचार्य संतोष शर्मा एवं एडमिनिस्ट्रेटर विपिन गुप्ता ने उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सर्टिफिकेट एवं उपहार प्रदान कर पुरस्कृत किया। प्राचार्य ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उदेश्य बच्चों की आंतरिक प्रतिभा को निखारने का मौका देना है। इस अवसर पर मार्स एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल ने शिक्षकों व विद्यार्थियों की काफी सराहना की। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, व्यवस्थापक विपिन गुप्ता, शिक्षक सुंदरपाल चौहान, जे.कविता, सीमा ठाकुर, शिल्पा बनर्जी, संध्या मिश्रा, नीलकांत यादव, गौतम स्वाइन, सुखुलाल चौधरी, कनिका दास,अंजु चतुर्वेदी, आशा राठौर, ई.हेमलता, श्रेस्ठा श्रीराथ, आंचल पांडे, बिरंची टंगारंगा, प्रभाकर घोष, प्रहलाद कुमार साहु, संजय कुमार अखिलेश वर्मा, एस.आदित्य, खुशबू गुप्ता, गोलाप साहु, राज पुरोहित, नंद कुमार महेश्वरी,लक्ष्मण रबिदास, निहारिका मित्तल,खुशबू गुप्ता, दैवज्ञा शुक्ला, हमेश खांडेकर, क्षिरसिंधु महापात्र, किसन कुमार, ध्वनि दत्ता, मुस्कान गुप्ता, कविता दास, एस. अश्विनी मौजूद रहे।

**खास बात**

- गुरूकुल स्कूल बनारी में हुआ आयोजन




---

# अक्षय तृतीया पर 26 बटुकों का होगा उपनयन संस्कार कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव 10 मई एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 26 बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला में आयोजित किया जाएगा। शालिनी शर्मा एवं विद्योत्तमा गौरहा ने बताया कि उपनयन की सम्पूर्ण तैयारी समिति द्वारा कर ली गयी है।

अग्रसेन भवन नैला पहुँचकर पंजीकृत 26 बटुकों के परिजनों से सुबह 7 बजे कार्यक्रम के सहभागी बनने का आग्रह किया है। पंजीकृत परिजन पूजन सामग्री एवं धोती, टोपी और अन्य आवश्यक सामग्री किट के माध्यम से प्राची पाण्डेय और जूही गौरहा से प्राप्त कर सकते है। कूपन प्राप्त करने के लिए नीलू शर्मा, किरण पाण्डेय और आशा दुबे से संपर्क कर सकते है। उपनयन संस्कार के आचार्य पंडित राजकुमार मिश्रा होंगे। किरण शुक्ला एवं प्रियंवदा पाण्डेय ने बताया कि परशुराम जी के जन्मोत्सव एवं उपनयन संस्कार के उपरांत भगवान परशुराम जी एवं बटुकों की भव्य शोभायात्रा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, से शाम 5 बजे प्रारंभ होकर परशुराम चौक नैला तक निकाली जाएगी। भगवान परशुराम जी की महाआरती के पश्चात नैला धर्मशाला में महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है। पूर्णिमा शर्मा एवं अल्का शर्मा ने बताया कि उपनयन संस्कार के पश्चात बटुकों एवं उनके परिजनों के लिए अग्रसेन भवन से दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, कचहरी चौक तक पहुंचने की व्यवस्था बसों के माध्यम से परशुराम जन्मोत्सव समिति जांजगीर द्वारा की गई है। उपनयन संस्कार में उपस्थित सभी बटुकों एवं विप्रजनों से शोभायात्रा में शामिल होने का आग्रह ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच के वरिष्ठ सदस्य द्वय नीलू पाण्डेय एवं बीना दुबे ने किया है। सीता पाण्डेय एवं जयंती दुबे ने बताया कि सभी मांगलिक कार्य जैसे मुंडन, नहडोरी, गुरू मंत्र इत्यादि रजिस्ट्रेशन क्रमांक के हिसाब से ही किये जाएंगे। इसलिए अपना रजिस्ट्रेशन नंबर याद रखें। वीना शर्मा एवं नीरा शर्मा ने बटुकों के परिजनो से लाल या पीले वस्त्र धारण कर आने का आग्रह किया है। यह उपनयन संस्कार आयोजन हम सभी का है। नियमो का पालन करें और सौहार्दता बनाए रखें।



उपनयन संस्कार के लिए मंच।




